तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

12 पीएम ग्राम सड़क योजना की सड़कों की बदहाली उजागर...



11 संकुल केन्द्र बगईकोन्हा में संकुल स्तरीय विदाई ...





## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डूमरडीह नाला के पास युवक शराब रखकर बेच रहा था। दबिश देकर डुंडेरा निवासी शंभुनाथ अग्रवाल को पकड़ा गया है। आरोपी के पास से 40 शोले मसाला देशी मदिरा जब्त किया है। जिसमें कुल 7.200 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया है। उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### 7 साल बाद जानलेवा हमला के दो गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रक चालक के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर फरार होने वाले आरोपियों को पुलिस ने सात साल बाद गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि 20 अगस्त 2019 को ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज, बीईसी कंपनी गेट के सामने ट्रक चालक प्यारेलाल यादव, सत्य प्रकाश के साथ पुरानी रंजिश और विवाद के चलते आरोपियों ने गाली-गलौच कर हाथ-मुक्का, पत्थर से हमला किया था। उसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने जांच कर सूचना के आधार पर बीईसी चौक, राजीव नगर जामुल निवासी लिंगो बाघ, अशोक बेहरा को पकड़ा है। एक आरोपी को पुलिस ने पहले पकड़ लिया था।

### दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक पर चाकू से हमला

**भिलाई।** दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। खुर्सीपार थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि 25 अप्रैल की रात रजत कुशवाहा अपने दोस्त सुनील को बाइक से घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान आरोपी गोलू सिंह ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में रजत की मौत हो गई जबकि सुनील वेंटिलेटर पर उपचार जारी हैं। आरोपी गोलू सिंह का किसी शराबी के साथ विवाद चल रहा था। तभी रजत व सुनील पहुंचे बीच बचाव के चलते गोलू ने दोनों युवकों पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। दोनों को गंभीर रुप से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां सोमवार को रजत की मौत हो गई। रजत और सुनील बालाजी नगर में गांधी विद्यालय के पास पहुंचे थे। तभी गोलू सिंह का अन्य युवक से विवाद चल रहा था। विवाद में रजत व सुनील बीच बचाव करने पहुंचने पर आरोपी गोली आक्रोश में आकर चाकू से हमला कर दिया। हमले में रजत के पेट, सीने में गंभीर चोटें आईं, जबकि सुनील को सीने, पेट और पीठ पर वार किया है। घटना के बाद आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे थे। दोनों घायलों को सुपेला के शासकीय अस्पताल लेकर गए। उसके बाद उन्हें निजी अस्पताल राम नगर में दाखिल किया गया। मामले में सीएसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जांच के बाद ही असली कारणों का पता चल पाएगा।

### पंडवानी गायिका तीजन का स्वास्थ्य स्थिर

**भिलाई।** पिछले दो साल से अस्वस्थ चल रहीं प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम सोमवार को उनके गांव गनियारी स्थित निवास पहुंची। मेडिकल टीम द्वारा उनका बीपी, हार्ट बीट आदि जांच की गई। परीक्षण के बाद उनकी सेहत स्थिर बताई गई और खानपान भी पहले की तरह है। मेडिकल टीम द्वारा पंडवानी गायिका के स्वास्थ्य की जांच के बाद सभी महत्वपूर्ण संकेतक (वाइटल्स) स्थिर पाए गए। उनकी यथावत फिजियोथेरेपी कराई गई और सभी दवाइयों की सूची की भी जांच की गई। डाक्टरों के मुताबिक तीजन बाई का स्वास्थ्य स्थिर है और खानपान पूर्व की तरह है।

# सोरली में मिला 1863 का 'अथॉरिटी ऑफ गवर्नमेंट' दस्तावेज, दुर्लभ पांडुलिपियों के संग्रह ने बढ़ाई दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ज्ञान भारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण के अंतर्गत विकासखंड के ग्राम सोरली में एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक खोज सामने आई है। सोरली निवासी जगन्नाथ यदु पिता स्व. तिलक राम यदु के पास वर्ष 1863 ईस्वी का अंग्रेजों द्वारा प्रदत्त 'अथॉरिटी ऑफ गवर्नमेंट' सनद (अधिकार पत्र) सुरक्षित मिला है। यह दस्तावेज हस्तलिखित एवं मुद्रित होने के साथ-साथ अंग्रेज गवर्नर के हस्ताक्षर युक्त है, जिसमें भूमि बंदोबस्त, भू-राजस्व एवं अन्य उपकर जमा करने तथा प्रशासनिक नियमों के पालन से संबंधित शर्तों का उल्लेख है। सर्वेक्षण के दौरान वर्ष 1937 का एक हस्तलिखित भूमि संबंधी इकरारनामा भी प्राप्त हुआ, जो बांड पेपर पर लिखा गया है। यह दस्तावेज उस समय की प्रशासनिक व्यवस्था और जमीन से जुड़े अनुबंधों की जानकारी देता है। यदु परिवार के पास विभिन्न प्रकार के दुर्लभ शंख जैसे देवी शंख, हनुमान गदा शंख, त्रिवेणी शंख, गणेश शंख और गोमुखी शंख सुरक्षित हैं। इसके अलावा एक मुखी से लेकर चौदह मुखी तक के दुर्लभ रुद्राक्षों का संग्रह भी यहां मौजूद है, जिनमें कुछ नेपाल से लाए गए हैं।

**बागवानी में भी विशेष रुचिः** जगन्नाथ यदु बागवानी के शौकीन हैं। उनके बगीचे में ब्रह्म कमल, परिजात, अपराजिता की विभिन्न प्रजातियां, खाद्य पान के पौधे, गुड़हल की कई किस्में, रुद्राक्ष, लक्ष्मी कमल ▶▶| शेष पेज 11 पर

## शंख और रुद्राक्ष संग्रह भी आकर्षण का केंद्र

### सर्वेक्षण दल रहा उपस्थित

इस सर्वेक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ए.के. साहू, एबीईओ, बीआरसीसी दिनेश मालेकर, सहायक नोडल विजय यादव, भागवत इंदौरिया, तेजस्वी नाथ योगी एवं शिवेंद्र बहादुर साहू उपस्थित रहे। साथ ही परिवार के सदस्य बुधेश यदु, गंगाधर यदु और अनिता यदु ने भी सर्वेक्षण में सहयोग प्रदान किया। यह खोज न केवल क्षेत्र के इतिहास को समृद्ध करती है, बल्कि भविष्य में शोध के नए आयाम भी खोल सकती है।



### दुर्लभ सिक्कों व मुद्राओं का अनोखा संग्रह

जगन्नाथ यदु के पास प्राचीन सिक्कों का भी समृद्ध संग्रह है। इसमें वर्ष 1835 के कांसे के सिक्के, जिनमें पुर्तगाल के राजा का चित्र अंकित है, 1851 का अमेरिकी 'लिबर्टी हेड' डॉलर, तांबे-पीतल के सौ वर्ष से अधिक पुराने सिक्के, मुहरें तथा नेपाल के पुराने नोट शामिल हैं।

## विरोध : वार्ड 13 में दिनदहाड़े बांस-बल्ली लगाकर कब्जे का प्रयास

# दल्लीराजहरा में अवैध कब्जे की कोशिश पर बवाल, सड़क घेराबंदी से भड़का जनआक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 13 में देशी शराब दुकान और आईटीआई के पास मुख्य सड़क पर कथित अवैध कब्जे की कोशिश ने पूरे इलाके को उबाल पर ला दिया है। दिनदहाड़े बांस-बल्ली लगाकर सड़क किनारे घेराबंदी किए जाने की घटना ने आम जनता के भीतर गुस्से की चिंगारी को आग में बदल दिया है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ अतिक्रमण नहीं, बल्कि खुलेआम कानून को चुनौती देने की घटना है। वार्ड वासियो और स्थानीय नागरिकों के मुताबिक, एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा खुद को सत्ताधारी दल से जुड़ा बताकर दबंगई के साथ सड़क पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि "राजनीतिक रुतबा" दिखाकर प्रशासन को नजरअंदाज करने की कोशिश हो रही है। घटना का फोटो वीडियो सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

■ नगर पालिका पर संरक्षण के आरोप





### नगर पालिका पर दोहरे मापदंड का आरोप

घटना के बाद नगर पालिका की भूमिका पर सबसे ज्यादा सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि गरीबों के घरों पर कार्रवाई करते वक्त प्रशासन सख्त नजर आता है, लेकिन प्रभावशाली लोगों के सामने पूरी मशीनरी सुस्त पड़ जाती है। वार्ड क्रमांक 13 और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन को शिकायत सौंपते हुए साफ चेतावनी दी है कि यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।लोगों का कहना है कि अब यह सिर्फ एक अतिक्रमण का मामला नहीं, बल्कि "न्याय बनाम प्रभाव" की लड़ाई बन चुकी है। देखना यह है कि कानून का राज कायम होता है या प्रभावशाली लोगों का दबदबा। वार्डवासी ने तीखे शब्दों में कहा, गरीबों पर बुलडोजर चलाना आसान है, लेकिन बड़े लोगों के सामने सबकी आवाज बंद हो जाती है। यही असली समस्या है।

### आज सड़क, कल पूरा इलाका बढ़ता आक्रोश

वार्डवासियों का साफ कहना है कि अगर इस तरह की घेराबंदी को अभी नहीं रोका गया, तो आने वाले दिनों में पूरा इलाका अवैध कब्जों की चपेट में आ जाएगा। एक स्थानीय निवासी ने कहा, आज सड़क पर बांस लगा है, कल दुकानें बनेंगी, फिर आम जनता के लिए रास्ता ही नहीं बचेगा। यह शुरुआत बहुत खतरनाक है।

### कार्रवाई की जाएगी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है और इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया, नगर पालिका क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों या सड़कों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा पूरी तरह अस्वीकार्य है। प्रारंभिक जानकारी के आधार पर जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। यदि अतिक्रमण की पुष्टि होती है, तो बिना किसी भेदभाव के तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका का दायित्व है कि वह सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करे और किसी भी दबाव में आकर नियमों से समझौता नहीं किया जाएगा।

- **सीमा बक्शी,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी

### नियमों का उल्लंघन कानूनी कार्रवाई की जाएगी

अनुविभागीय दंडाधिकारी सुरेश साहू ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा, सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिकायत मिलने पर राजस्व और नगर पालिका की संयुक्त टीम मौके का निरीक्षण करेगी। यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन कानून के शासन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। **सुरेश साहू, अनुविभागीय दंडाधिकारी**

# हादसाः तालाब में डूबने से 10 वर्षीय बालिका की मौत, भाई की बची जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

ग्राम मनकी में शादी में सम्मिलित होने दल्ली राजहरा से पहुंचे सेन परिवार के दो सगे भाई बहन तालाब में नहाने गए थे, जिसमें दोनों भाई–बहन डूबने लगे, ग्राम के एक युवक ने दोनो को डूबते देख बचाने का प्रयास किया, जिसमें भाई की जान बचा बहन की मृत्यु हो गई। सोमवार की सुबह दल्लीराजहरा से शादी में सम्मिलित होने के लिए मनकी निवासी प्रेम प्रकाश ठाकुर के घर पहुंचे हुए थे। जो लगभग शाम 5 बजे के आसपास मनकी स्थित शीतल तालाब में नहाने के लिए दोनों भाई–बहन सनत सेन पिता रमेश सेन उम्र 9 वर्ष व निकिता सेन पिता रमेश सेन उम्र 10 वर्ष गए हुए थे, तैरते तैरते वे दोनों डूबने लगे, तभी गांव के एक युवक के द्वारा उनको डूबते देख तालाब से निकला गया और अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर डॉक्टर की टीम द्वारा सनत सेन को बचा लिया गया, किंतु निकिता सेन की स्थिति बहुत खराब थी, जिनकी जान नहीं बचा पाए। दोनों ही बच्चे कक्षा पहली के विद्यार्थी हैं। पारिवारिक स्थिति की जानकारी लेने पर पता चला कि मृतक के पिता रमेश सेन बहुत ही गरीब है साथ ही इनकी माता रुक्मणी सेन मुखबधिर है।

■ मुखबधिर मां और मजदूर पिता का सहारा छिना

■ शादी की खुशियां मातम में बदली



# जगन्नाथपुर में फिर चोरी, शादी में आए मेहमान की कार का कांच तोड़कर नकदी-सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

गांव में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आने से ग्रामीणों में दहशत और नाराजगी का माहौल है। इस बार चोरों ने शादी समारोह में शामिल होने आए मेहमान को निशाना बनाया और चारपहिया वाहन का कांच तोड़कर नकदी व सामान चोरी कर लिया।

जानकारी के अनुसार, जमरुवा निवासी मेष निषाद अपने परिवार के साथ गांव के निषाद परिवार में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जगन्नाथपुर पहुंचे थे। बीती रात अज्ञात चोरों ने उनकी कार की ड्राइवर सीट के पास का कांच तोड़ दिया। वाहन में रखे टीकावन के लिए लाए गए घघरा, 4200 रुपए नकद और बच्चों के नए कपड़े चोरी कर लिए गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह करीब 8 बजे लगी, जिसके बाद हड़कंप मच गया। घटना के बाद गांव के कुछ मोहल्लों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। ग्रामीणों को आशंका है कि इस वारदात में गांव के ही कुछ शरारती युवक शामिल हो सकते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी गांव में इसी तरह की घटना सामने आ चुकी है। पटेल परिवार में आए एक मेहमान की कार का कांच तोड़कर करीब 10 हजार रुपए कीमत का साउंड बॉक्स चोरी कर लिया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बढ़ती नशाखोरी, युवाओं में बिगड़ती प्रवृत्ति और पैसों की लालसा के चलते इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं।

■ घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही

फिलहाल मामले की स्थानीय स्तर पर जांच की जा रही है, हालांकि अभी तक पुलिस को इसकी आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। ग्रामीणों की मांगः गांव में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और संदिग्ध लोगों पर सख्ती से निगरानी रखने की मांग की है।

# बारातियों से भरी बस में लगी आग, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम बड़गांव के पटेल परिवार की बारात चारामा के लिए गई थी, जहां से लौटते समय एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रविवार 26 अप्रैल की देर रात नेशनल हाईवे पर पुरूर थाना क्षेत्र अंतर्गत जगतरा मंदिर के पास बारातियों से भरी बस में अचानक आग लग गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कांकेर जिले के ग्राम अरोद से निकली बस (क्रमांक CG 07 E 1171) विकासखंड के ग्राम बड़गांव लौट रही थी। बस में लगभग 70 बाराती सवार थे। रात करीब 12:05 बजे के आसपास जगतरा मंदिर के पास बस से अचानक धुआं निकलने लगा। बताया जा रहा है कि बस के गियर बॉक्स में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग भड़क उठी और देखते ही देखते कुछ ही मिनटों में पूरी बस धुएं से भर गई। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत बस रोकी और सभी यात्रियों को नीचे उतरने के लिए कहा। बारातियों ने तत्परता दिखाते हुए बस से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। इस दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति का हाथ दरवाजे में फंसने से हल्की चोट आई, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुरूर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। हादसे के बाद करीब डेढ़ से दो घंटे के भीतर दूसरी बस की व्यवस्था कर सभी बारातियों को सुरक्षित बड़गांव भेजा गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, वहीं पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है।

इस घटना में समय रहते सतर्कता और सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा टल गया और सभी बाराती बाल-बाल बच गए।

## सभी यात्री सुरक्षित



## सवा करोड़ की योजना पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने जांच और कार्रवाई की उठाई मांग

# भेजा मैदानी में जल जीवन मिशन पर सवालः अधूरा काम, फिर भी मिला पूर्णता प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत भेजा मैदानी में जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य का ठेकेदार ने पंचायत को झांसा देकर पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया। पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त कर अब ठेकेदार लौटकर नहीं आ रहा और न ही बात कर रहा है। ग्राम पंचायत भेजा मैदानी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया है। कार्य स्थल पर विभाग या ठेकेदार किसी ने भी सूचना बोर्ड लगाना जरूरी नहीं समझा। जिससे कार्य के संबंध में कुछ भी जानकारी किसी को नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पानी टंकी एवं पाइप लाइन के लिए सवा करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई थी।

■ 8 माह बाद भी ठेकेदार गायब, संपर्क बंद

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एवं ग्राम पंचायत भेजा मैदानी द्वारा 24 जनवरी 2026 को कलेक्टर को लिखे शिकायत पत्र में कहा गया है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण किया गया है जो की गुणवत्ता रहित है, पानी टंकी में ढक्कन एवं पानी टंकी का सीढ़िया अनिर्मित है, जिससे उक्त टंकी में पानी संग्रह करना असंभव है, उक्त कार्य में लगने वाले मोटर पंप भी अप्राप्त हैं, ग्राम में अस्थाई नल जल कनेक्शन से जल प्रदाय किया जा रहा है जो की संतुष्टि पूर्वक नहीं है, ग्राम पंचायत भेजा मैदानी में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल नहीं मिलने से पेयजल संकट बना हुआ है।



इधर पंचायत एवं ग्रामीण ने बताया कि कार्य अधूरा है, लेकिन ठेकेदार ने अधिकारियों से दबाव डलवाकर एवं अधूरा कार्य को पूर्ण करने का झांसा देकर अक्तूबर 2025 मे पंचायत से कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन विस्तार के दौरान ठेकेदार को कई बार कहा गया कि बीच में चेंबर बना कर पानी डायवर्ट करने की व्यवस्था कर दे, पाइप लाइन मे चेंबर नहीं बनाने से पानी ढाल की ओर सीधा बह जाता है, जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रें, वार्डो में पानी नहीं पहुंच रहा है। पाइप की गुणवत्ता भी खराब है। ट्यूबवेल का खनन ठेकेदार ने नहीं कराया है एवं मोटर पंप भी ठेकेदार ने नहीं दिया है। पंचायत के खोदे बोर व मोटर से पंचायत कार्य कर रही है।

सरपंच भेजा मैदानी रुद्राणी नेताम ने कहा पानी टंकी में उपर मे ढक्कन नहीं लगाया गया है, बीच मे चैम्बर नही बनाया गया है जिससे पानी प्रदूषित होने का खतरा है। जिससे उंचाई वाले स्थान मे पानी नही चढ़ता। सचिव ग्राम पंचायत भेजा मैदानी आमीन मंडावी ने कहा ठेकेदार व अधिकारियों ने कहा कार्य की राशि नहीं मिल रही है। जिससे कार्य पूर्ण नहीं करा पा रहे है। यदि पूर्णता प्रमाण पत्र दे देते तो राशि मिल जाता। राशि मिलते हो अधूरा कार्य पूरा करा देंगे। पंचों की सहमति के बाद हमने पूर्णता प्रमाण पत्र दे दिया, लेकिन आठ माह बाद भी ठेकेदार ने कार्य पूर्ण नहीं कराया है। अब तो फोन भी नही उठाते।

# रेंगाडबरी में 20 लाख की लागत से बनेगा नया तालाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में किसानों और ग्रामीणों की सुविधा के लिए नए तालाब का निर्माण कराया जाएगा। 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस तालाब के लिए मंगलवार को भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। सरपंच भावना जयेश जैन, जनपद सदस्य मानकी बाई पडोती और पंचगणों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गैंती चलाकर भूमि पूजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने तालाब निर्माण पर खुशी जताई।

■ सरपंच भावना जैन ने किया भूमि पूजन

सरपंच भावना जैन ने बताया कि गांव में जल संरक्षण और निस्तारी की समस्या को देखते हुए नए तालाब की मांग लंबे समय से की जा रही थी। शासन से 20 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने के बाद अब काम शुरू कराया जा रहा है। तालाब बनने ▶▶| शेष पेज 11 पर

# कामधेनु में कार्यों में गड़बड़ी के मामले में जांच दल के बदले गए प्रभारी, डॉ. उपरीत करेंगे जांच

## फरवरी 2026 में कुलपति ने जारी किया आदेश, इधर जिस पर आरोप उसकी परिवीक्षा अवधि समाप्त करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा के कुलसचिव डॉ. भानु प्रताप राठिया ने वेटनरी कॉलेज बिलासपुर में निर्माण के दौरान अनियमितता के मामले में जांच अधिकारी डॉ. एके मैती को बदल दिया है। उनकी जगह दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ. सुधीर उपरीत को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ वेटनरी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रहास सन्नाट मामले की जांच करेंगे। बता दें कि यह टीम पिछले करीब सालभर से जांच कर रही है। सहायक अभियंता (परिवीक्षाधीन) अरविंद उल्लास देशमुख पर आरोप है कि उन्होंने माप पुस्तिका के लेखन में अनियमितता बरती। इसकी जांच जारी है। इस बीच खबर है कि उनकी परिवीक्षा अवधि को समाप्त करने की तैयारी है। इसे लेकर भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। इसकी शिकायत प्रोफेसर डॉ. एके संतरा, डॉ. केशव दास और डॉ. एमके अवस्थी से की गई है। साथ ही दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए हैं।

### 1.54 करोड़ के घोटाले के बाद रि-टेंडर, 6 माह में काम होना था पूरा, लेकिन दो साल बाद भी अधूरा, कॉलेज को वेटनरी काउंसिल से नहीं मिल पाई मान्यता




### अलग-अलग स्तर पर जांच लंबे समय से लंबित

जानकारी के मुताबिक इस पूरे मामले में जांच अलग-अलग स्तर पर लंबे समय से लंबित है। सहायक अभियंता के ऊपर भ्रष्टाचार, आर्थिक गबन, वित्तीय अनियमितता एवं आय से अधिक संपत्ति की विभिन्न जांच विश्वविद्यालय स्तर पर लोकायुक्त स्तर पर तथा शासन स्तर पर चल रही है। उसके बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन परिवीक्षा अवधि समाप्त करने की तैयारी में है। इसे लेकर गोपनीय पत्र व्यवहार भी शुरू किया जा चुका है। इसे लेकर सारे नियम-कायदों को ताक पर रखा जा रहा है। सहायक अभियंता पर पहले भी कई अनियमितता के आरोप लगे हैं। यहां तक उनका करीब 11 महीने के लिए निलंबन भी हो चुका है।

### दो जांच रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने के बाद भी कार्रवाई नहीं, अब तक अटका है मामला

जानकारी के मुताबिक सहायक अभियंता पर वेटनरी कॉलेज बिलासपुर में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों में राशि रुपए 1.54 करोड़ की फर्जी बिल्डिंग का वित्तीय अनियमितता पाई गई है, जिस संबंध में विश्वविद्यालय के कार्यपालन अभियंता एवं मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग बिलासपुर द्वारा अपनी रिपोर्ट में उक्त सहायक अभियंता देशमुख को दोषी सिद्ध किया है। इसके उपरांत विश्वविद्यालय द्वारा उक्त सहायक अभियंता के ऊपर विभागीय जांच कराई गई। डॉ. सुधीर उपरीत प्रभारी अधिष्ठाता को जांच अधिकारी नियुक्त किया है, जिसकी जांच आज दिनांक तक लंबित है। सहायक अभियंता को निलंबित भी किया जा चुका है। साथ ही आय से अधिक संपत्ति का अर्जित किए जाने के मामले की जांच लोक आयोग में लंबित है।

### पिछले 8 सालों से मामले में हो रही सिर्फ जांच

बता दें कि इस पूरे मामले में पिछले करीब 8 सालों से सिर्फ जांच हो रही है। बिलासपुर वेटनरी कॉलेज कैम्पस में बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियम, गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण के दौरान 1.54 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आने के बाद भी कहीं कोई कार्रवाई पिछले तीन साल में नहीं हुई है। खास बात यह है कि 2017 में 15.42 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत यह काम 8 साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। गौरी कंस्ट्रक्शन और अशोक केजरीवाल कार्य एजेंसी के भागने के बाद करीब 2 साल पहले अधूरे कामों का करीब 5.25 करोड़ में रि-टेंडर किया गया। इसके बाद गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण का काम सारासार एसोसिएट्स को 3.25 करोड़ में दिया गया। वहीं बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियएम का काम 2 करोड़ में एके सिंह को दिया गया। 6 महीने में इन कामों को पूरा किया जाना था, जो दो साल बाद भी अधूरा है। करीब 35 प्रतिशत काम अब तक नहीं हो पाया है। बॉयस और गर्ल्स हॉस्टल के अलावा आवासों का काम पूरा कर लिया गया है, लेकिन टीवीसीसी बिल्डिंग और ऑडिटोरियम का काम अधूरा है।

## खबर संक्षेप



### दुर्ग निगम में विशेष समान्य सभा की तैयारी

दुर्ग। नगर निगम दुर्ग में आगामी दिनों में विशेष समान्य सभा बुलाए जाने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने सभापति श्याम शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को समान्य सभा बुलाए जाने की चर्चा हो रही है। सभापति को दिए ज्ञापन में उन्होंने शहर में हो रहे जल संकट, कचरा निष्पादन और शक्ति नगर तालाब के विषय में चर्चा कराने की मांग की।

### 1 मई से शहर के 60 वार्डों में सुशासन तिहार

दुर्ग। सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत शहर में जन समस्या निवारण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 1 मई से 23 मई तक दुर्ग शहर सीमा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन सुबह 9 से सायं 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाना तथा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। शिकायतों का निराकरण भी होगा।

## मेढ़ा में कार्यालय परिसर में शराब पीने वाला समिति प्रबंधक निलंबित

# अधिक धान मिलने पर 12 समितियों को नोटिस, सात दिन में मांगा जवाब

### माहांत तक शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

जिलेभर में धान का उठाव अब अंतिम चरण पर पहुंच गया है। जिले की 92 समितियों में लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान का उठाव ही शेष है। ऐसे में प्रशासन ने अप्रैल महीने में ही शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने के लिए समिति प्रबंधकों की बैठक लेना भी शुरू कर दिया है।

बताया गया कि विगत 24 अप्रैल से अलग-अलग समूह बनाकर समितियों की बैठक ली जा रही है। बैठक के दौरान ही धान खरीदी के दौरान जिले की जिन समितियों में भौतिक सत्यापन के जरिये अधिक धान की पुष्टि हुई थी। अब उन समितियों को जिला प्रशासन द्वारा एक बार फिर से नोटिस जारी की गई है। हालांकि प्रशासन की तरफ से यह साफ नहीं किया गया है कि नोटिस किस कारण से जारी की गई है। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन समितियों में जो धान अधिक मात्रा में मिला था, उस धान को लेकर ही सवाल किए गए हैं।

**खास बातें**

- सात दिनों के भीतर सभी समितियों से मांगा गया जवाब
- उठाव को लेकर प्रशासन ने ली समितियों की बैठक, जाना शेष धान का हाल



### 31 मार्च तक होना था 100% उठाव

ज्ञात हो कि प्रदेश शासन ने इस बार 31 मार्च तक शत-प्रतिशत उठाव किए जाने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन जिले में अप्रैल महीना बीतने को है और अब भी लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। इसी को लेकर अब प्रशासन ने सख्ती करना शुरू कर दिया है।

### परिसर में शराब सेवन पड़ा भारी

इधर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मेढ़ा समिति के प्रबंधक सुखदास केसरी को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार समिति प्रबंधक सुखदास मेढ़ा स्थित कार्यालय परिसर के भीतर ही शराब सेवन कर रहे थे। जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो रही थी। जिसको लेकर ही कार्रवाई करते हुए यह एक्शन लिया गया है। उनके स्थान पर सहायक प्रबंधक रविन्द्र साहू को समिति प्रबंधक का प्रभार दिया गया है।

### मिलर्स से समिति प्रबंधक जुगाड़ रहे धान!

ज्ञात हो कि जिले की जयसिंहटोला, शिकारीमहका, कल्लूबंजारी, तुमड़ीबोड़ तेन्दुनाला, रामपुर, संबंलपुर, मुरमुंदा और घुमका समितियों में खरीदी के मुकाबले में अधिक मात्रा में धान पाया गया था। इन समितियों में लगभग आठ सौ मीट्रिक टन अधिक धान मिला था। ऐसे में प्रशासन यह देख रहा है कि जितने धान की खरीदी हुई और जितना धान अधिक पाया गया था। प्रशासन ने समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी कर अधिक मिले धान को लेकर ही सवाल किए हैं। इधर सूत्रों के अनुसार कुछ समितियों ने मिलर्स से भी धान को लेकर संपर्क किया है। ऐसा बताया गया कि धान का जुगाड़ किया जा रहा है।

### इन समिति प्रबंधकों को प्रशासन द्वारा जारी की गई नोटिस

मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा कुल 12 समितियों को नोटिस जारी किया गया है। इनमें छुरिया ब्लॉक की छह समितियां जिनमें छुरिया, जयसिंहटोला, खोभा, शिकारीमहका, महाराजपुर, कल्लूबंजारी शामिल हैं। ऐसे ही डोंगरगांव ब्लॉक के चार समितियां जिनमें तुमड़ीबोड़, तेन्दूनाला, रामपुर और संबलपुर समिति शामिल हैं। वहीं राजनांदगांव ब्लॉक की दो समिति मुरमुंद एवं घुमका को नोटिस जारी किया गया है। बताया गया कि इनमें वह समितियां शामिल हैं, जहां भौतिक सत्यापन के दौरान धान अधिक या कम मात्रा में प्राप्त किया गया था।

# सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिलने पहुंचे मंत्री गजेन्द्र

## उपचार को लेकर ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रविवार देर रात बारात से लौटते समय हुई बस दुर्घटना में घायल दुर्ग के तितुरडीह क्षेत्र के नागरिकों से मिलने प्रदेश के केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती सभी घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सकों से उपचार की जानकारी लिए। मंत्री श्री यादव ने घायलों को हर संभव बेहतर इलाज उपलब्ध कराने भरोसा देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि रविवार की रात दुर्घटना में घायल हुए सभी नागरिकों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री श्री यादव ने एक-एक मरीज से संवाद कर दुर्घटना की जानकारी लिए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने। उन्होंने उपस्थित डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित किया कि सभी मरीजों का समुचित और प्राथमिकता के आधार पर इलाज सुनिश्चित किया जाए।

### अस्पताल में व्यवस्था का निरीक्षण

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिये। इस दौरान उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लिए और अस्पताल प्रबंधन को गंभीरता से कार्य करने निर्देश दिए। श्री यादव ने अस्पताल परिसर में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिंगल वोट को अवैध घोषित करने बनी विवाद की स्थिति

# तालपुरी चुनाव में कुबेर को हराकर सुनील बने अध्यक्ष, दत्ता महासचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तालपुरी बी ब्लॉक रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में स्वाभिमान पैनल के सुनील चौरसिया एकता पैनल के कुबेर राम देशमुख को हराकर कर अध्यक्ष बने। महासचिव पद के लिए बराबर मत मिलने पर हार जीत का फैसला शिक्का उछालकर कर किया गया। इसमें एकता पैनल के रवींद्र कुमार दत्ता विजयी घोषित किए गए। इस दो कोणीय मुकाबले में स्वाभिमान पैनल की झोली में चार पद, जबकि एकता पैनल की झोली में तीन पद आए। चुनाव में सिंगल वोट को अवैध घोषित करने के कारण विवाद की स्थिति रही।

रविवार सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक चुनाव के लिए मतदान हुआ। 83 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अध्यक्ष पद के लिए खड़े कुबेर राम देशमुख और सुनील चौरसिया के बीच एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। चौरसिया के पक्ष में 214 मत पड़े, तो देशमुख को 148 मत मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए स्वाभिमान पैनल के डॉ. लक्षप्रद को 159 और एकता पैनल के जितेंद्र सिंह को 145 मत मिले। दोनों ही विजेता घोषित किए गए। वहीं दूसरी ओर इसी पद पर एकता पैनल के महेश विश्वकर्मा (142) तथा स्वाभिमान पैनल के भीमराव फुसे (134) को हार का सामना करना पड़ा।

### महासचिव पद का फैसला टॉस से

महासचिव पद पर रवींद्र कुमार दत्ता और के आर देशमुख 145-145 मत मिले। इसलिए इनके बीच टॉस करके हार जीत का फैसाल किया गया। तीसरे प्रत्याशी रूपेंद्र वर्मा को महज 64 मत ही मिले। उप महासचिव पद पर दोनों पैनलों के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। इन पदों पर स्वाभिमान पैनल की महिला प्रत्याशी पायल सिंह पवार और एकता पैनल के उम्मीदवार श्यामलाल साहू ने जीत हासिल की। पायल को 170 वोट, जबकि साहू को 153 वोट मिले। टी सहदेव ने अपने पक्ष में भारी संख्या में पड़े सिंगल वोटों को चुनाव अधिकारी द्वारा अवैध घोषित करने के कारण अपना तीव्र विरोध जताया। कोषाध्यक्ष पद का नतीजा स्वाभिमान पैनल के पक्ष में आया। स्वाभिमान पैनल के रामनारायण साहू को 204 और अमल कुमार दास को 158 वोट मिले।

### टेंट लगाने और रैली को लेकर विवाद

क्लबहाउस में चुनाव को लेकर वोटिंग से लेकर मतगणना तक भीड़ जुटी रही। इस चुनाव में 439 लोगों को ही मताधिकार प्राप्त था। इससे पहले मतदान की पूर्व संध्या पर टेंट लगाने को लेकर विवाद की स्थिति रही। स्वाभिमान पैनल का टेंट मतदान केंद्र के ठीक सामने ठीक था, जबकि एकता पैनल का टेंट मतदान केंद्र से काफी दूर था। इसे लेकर एकता पैनल ने चुनाव अधिकारी संदीप नंदनवार के सामने अपना विरोध दर्ज किया था। इसके अलावा स्वाभिमान पैनल द्वारा मतदान की पूर्व संध्या पर चुनावी रैली निकाली गई, जिस पर भी एकता पैनल ने कड़ी आपत्ति दर्ज की।

# डीयू में संस्थाओं की मान्यता को लेकर बरती जा रही अनियमितता, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हेमचंद विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित संस्थाओं से मान्यता के लिए अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। इसे लेकर कुलाधिपति यानी राज्यपाल रमेन डेका से शिकायत की गई है। इसके बाद मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत बांसपारा दुर्ग निवासी शैलेश कुमार ने की है।

- राज्यपाल से शिकायत के बाद मामले में बैठी जांच

जानकारी के मुताबिक उन्होंने अपनी लिखित शिकायत में कहा था कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए फर्जी तरीके से एक ही बिल्डिंग को दिखाकर फर्जी अध्यापक बुलाकर प्रतिष्ठित संस्थाओं से मान्यता लेने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों ही संस्था द्वारा एमसीए, एमबीए सहित अन्य कक्षाओं के लिए मान्यता ली गई है। इसमें बिना शासन की अनुमति से 40 से 50 लाख तक के सामानों की खरीदी की गई।

इतना ही नहीं एक प्रतिष्ठित पब्लिकेशन से किताबों के मूल्यों में बढ़ोत्तरी कर उसकी खरीदी गई। भारतीय विश्वविद्यालय की धारा 52 सद्भावपूर्वक को परिभाषित करती है। इसका भी उल्लंघन किया गया है। इतना ही नहीं पिछले दिनों आयोजित परीक्षा में आंसरशीट छापने के लिए 15 लाख से ज्यादा का ऑर्डर दिया गया है। इसकी कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी जा रही है। इसमें भी कमीशनखोरी की आशंका बनी हुई है। शैलेश कुमार ने बताया कि मामले में राज्यपाल से शिकायत के बाद जांच के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

# विराट नगर उपकेंद्र की क्षमता बढ़ी, 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बोरसी जोन के 33/11 केवी विराट नगर उपकेंद्र में नया पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक चार्ज किया गया। बढ़ते विद्युत भार को प्रबंधित करने के उद्देश्य से 61 लाख 91 हजार रुपये की लागत से 3.15 एमवीए क्षमता का यह अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस विस्तार के साथ ही उपकेंद्र की कुल क्षमता अब बढ़कर 13.15 एमवीए हो गई है, जहां पहले से 5 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर स्थापित थे। उक्त नए कार्य से विराट नगर उपकेंद्र से जुड़े बोरसी क्षेत्र के लगभग 13,900 से अधिक घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंचेगा। कार्यपालक निदेशक संजय खंडेलवाल ने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि गर्मी के मौसम में बढ़ती बिजली की मांग के बीच उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान जे. जगन्नाथ प्रसाद, आरके दानी, धर्मेंद्र कुमार भारती, दुर्गेश नंदिनी, राजेंद्र गिरी गोस्वामी, डिलेन्द्र कुमार देशमुख, डीके साहू, राहूल सिंह, महेश्वर टंडन, रुचि सेलेट, मोनिका नायर आदि मौजूद थे।


# शहर के 60 वार्डों में सभी अवैध नल कनेक्शन कटेंगे, आयुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में अवैध नल कनेक्शन और टुल्लू पंप का उपयोग करने वाले कनेक्शनधारियों पर अब कार्रवाई होगी। शहर के सभी 60 वार्डों में इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इसके लिए निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने आदेश का सख्ती से पालन करने की बात कही है। शहर में अवैध रूप से लगाए गए नल कनेक्शनों की भरमार है, जिसके देखते हुए निर्देश जारी किए गए हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का नल कनेक्शन स्थापित करना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निगम आयुक्त के निर्देशानुसार अब ऐसे सभी अवैध नल कनेक्शनों को चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से काटने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, बिना स्वीकृति कनेक्शन लगाने वाले संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ भी कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अवैध कनेक्शन देने वाले ठेकेदारों पर भी होगी कार्रवाई



- अवैध नल कनेक्शन की शिकायत मिलते ही तुरंत होगी कार्रवाई

निगम प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध नल कनेक्शन कराने वाले उपभोक्ताओं और इसमें संलिप्त ठेकेदारों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो बिना देरी के मौके पर पहुंचकर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिक निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल विधिवत स्वीकृति लेकर ही नल कनेक्शन लें तथा किसी भी प्रकार के अवैध कार्य से दूर रहें, अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेदार

## कांग्रेस ने खाद्य नियंत्रक को ज्ञापन सौंपकर समस्या का निराकरण करने मांग की

# राशन दुकानों में नहीं मिल रहा खाद्यान्न, शक्कर का भी नहीं हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के राशन दुकानों में खाद्यान्न का वितरण नहीं हो रहा है। पहले चावल को लेकर दिक्कतें सामने आई। अब माह का शक्कर नहीं मिल पाया है। इसे लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपकर समस्या का निराकरण करने की मांग खाद्य नियंत्रक अनुराग भदोरिया से की है। कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि लगातार आम जनता को राशन नहीं मिलने शक्कर नहीं मिल रहा है। बीपीएल परिवारों को इस वजह से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाकलीवाल ने कहा कि दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों में बीपीएल हितग्राहियों को निर्धारित राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। अप्रैल माह का अंत आ गया भी तक शत प्रतिशत राशन वितरण नहीं हो पाया । माह की शक्कर अब तक दुकानों में नहीं पहुंची।



### अगले तीन से चार दिन में वितरण की संभावना

खाद्य नियंत्रक भदोरिया ने पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अगले 3 से 4 दिन में खाद्यन्न वितरण समान्य कर लिया जाएगा। उन्होंने राशन वितरित कर देने का आश्वासन दिया। धीरज बाकलीवाल ने आम जनता को गैस की हो रही परेशानी को दूर करने , गैस एजेंसी की मॉनिटरिंग करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, देव श्री साहू, मनीष बघेल, दीपक साहू, प्रवक्ता नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, अजय शर्मा, विजेंद्र भारद्वाज, प्रकाश जोशी, ओमप्रकाश जोशी, ज्ञानदास बंजारे, पोषण साहू सहित अन्य शामिल थे।

### महिलाओं और बुजुर्गों को राशन दुकानों के काटने पड़ रहे चक्कर

बाकलीवाल ने कहा कि समस्या के कारण गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में महिलाएं एवं बुजुर्ग राशन प्राप्त करने के लिए बार-बार दुकानों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, फिर भी उन्हें उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है, क्योंकि शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने खाद्य अधिकारी को कहा कि इस मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी राशन दुकानों की जांच कराई जाए, बीपीएल हितग्राहियों को उनका निर्धारित राशन समय पर एवं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराया जाए। इस विषय पर शीघ्र आवश्यक करने की मांग की गई है।

# एक रुपए के छोटे सिक्के पर विवाद, नहीं ले रहे व्यापारी और ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में इन दिनों 1 रुपए के छोटे के सिक्कों को लेकर अजीब स्थिति बननी हुई है। कई व्यापारियों और खरीदार द्वारा छोटे सिक्के लेने से इनकार किया जा रहा है, जिससे बाजार में आए दिन ग्राहकों और दुकानदारों के बीच बहस और विवाद की स्थिति बन रही है।

जानकारी के मुताबिक शहर के कई इलाकों में दुकानदार और खरीदार साफ तौर पर 1 रुपए के छोटे सिक्के लेने से मना कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह छोटा सिक्का अब चलन से बाहर हो चुका है। इसलिए वे इसे स्वीकार नहीं कर रहे, लेकिन यह दावा पूरी तरह गलत है। भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार 1 रुपए के छोटे सिक्के अभी भी पूरी तरह वैध मुद्रा हैं और इन्हें लेने से कोई भी व्यापारी मना नहीं कर सकता। इसके बावजूद जागरूकता की कमी और अफवाहों के चलते बाजार में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसका सीधा असर आम ग्राहकों पर पड़ रहा है। कई बार लोग सामान खरीदने के बाद जब भुगतान में 1 रुपये का सिक्का देते हैं, तो दुकानदार लेने से मना कर देते हैं, जिससे मौके पर ही बहस शुरू हो जाती है। कई मामलों में स्थिति तू-तू मैं-मैं तक पहुंच रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले में हस्तक्षेप कर स्पष्ट निर्देश जारी करने चाहिए, ताकि बाजार में फैली इस गलतफहमी को दूर किया जा सके। साथ ही व्यापारियों को भी नियमों की जानकारी देकर उन्हें इसका पालन करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए।

## भारतीय मुद्रा का अपमान करने पर लीगल टेंडर अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करने का प्रावधान



### प्रमुख कानूनी प्रावधान और कार्रवाई

जानकारों के अनुसार यदि कोई वैध भारतीय मुद्रा लेने से मना करता है, तो यह देश की मुद्रा का अपमान माना जाता है। इसमें बीएनएस की धारा 152 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। यह धारा उन कृत्यों पर लागू होती है, जिनसे भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा हो। बीएनएस की धारा 152 के तहत दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास या 7 साल तक की कैद के साथ जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति या दुकानदार के खिलाफ भारतीय मुद्रा का अपमान करने पर लीगल टेंडर वैध मुद्रा अधिनियम के तहत अपराध दर्ज की जा सकती है।

### यहां करें शिकायत

अगर कोई व्यक्ति आपसे कोई भी मुद्रा लेने से मना करता है तो आप रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट एम डॉट आरबीआई डॉट इन पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी और स्थानीय पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### 1 रुपए का छोटा सिक्का पूरी तरह वैध

" 1 रुपये का छोटा सिक्का आज भी पूरी तरह चलन में है और इसे लेने से मना करना गलत है। जब तक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किसी भी सिक्के को आधिकारिक रूप से बैन नहीं किया जाता, तब तक वह वैध मुद्रा रहता है और उसका लेन-देन हर जगह किया जाना चाहिए।

**अजय भसीन**, महामंत्री छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स

## खबर संक्षेप

### दिलीप कुमार बने सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी



**भिलाई।** इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (आईआरएसएमई) के वरिष्ठ अधिकारी दिलीप कुमार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का कार्यभार ग्रहण किया है। उनके पास ट्रेन संचालन, रोलिंग स्टॉक रखरखाव और मानव संसाधन प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने भारतीय रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें पूर्व मध्य रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक और नालंदा में हरनौत के मुख्य कारखाना प्रबंधक का पद शामिल है।

### ग्रीष्मकाल में विद्युत अवरोध हेल्प लाइन नंबर जारी

**भिलाई।** बीएसपी के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान टाउनशिप निवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रात्रिकालीन विद्युत अवरोध संबंधी शिकायतों के पंजीकरण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य बढ़ती गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को त्वरित एवं सुगम शिकायत निवारण सुविधा प्रदान करना है। दो रात्रि पाली में दूरभाष के माध्यम से शिकायत दर्ज करने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर निर्धारित किए गए हैं। यह सुविधा रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

पेज 9 का शेष

### सोरली में मिला ...

और कृष्ण कमल जैसे दुर्लभ व आकर्षक पौधे लगे हुए हैं। वंशवृक्ष में सहेजी 10 पीढ़ियों की जानकारी यदु परिवार ने अपने 10 पीढ़ियों का वंशवृक्ष भी सुरक्षित रखा है। जानकारी के अनुसार, उनके आठवीं पीढ़ी के पूर्वज भगवान पिता सुरबंश ठेठवार को वर्ष 1863 में अंग्रेजों द्वारा यह 'अथॉरिटी ऑफ गवर्नमेंट' प्रदान किया गया था। **ऐतिहासिक रूप से भी समृद्ध रहा है सोरली**: ज्ञात हो कि सोरली गांव मध्यप्रदेश के समय में गन्ना उत्पादन के लिए प्रसिद्ध रहा है और पुराने नक्शों में इसे प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया है।

### रेंगाडबरी में 20 ....

से खरीफ सीजन में सिंचाई के साथ-साथ भू-जल स्तर भी बढ़ेगा। पशुओं को भी पीने का पानी मिलेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में पंच धुरू प्रहलाद धनसिंह फरदिया, मदन माहला, ग्रामीण पालसिंह यादव, डोमार सिंह नायक, अल्लीराम,रावटे रेवाशंकर सोनी, सीताराम गुप्ता, शेखर निषाद, महेंद्र तुमरेकी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सरपंच और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि नया तालाब बनने से गांव की पानी की किल्लत दूर होगी और खेती को भी फायदा मिलेगा।

## आयोजन : जिला प्रशासन और प्रेस क्लब की पहल

# धनोरा में पौधों की देखरेख के लिए श्रमदान 150 मटके लगाकर पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ मनरेगा से रोपे 250 पौधों को मिलेगा संजीवनी जल

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 14वीं वाहिनी धनोरा कार्यालय के समीप बालोद जिला प्रशासन एवं जिला प्रेस क्लब के द्वारा पौधों को पानी की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु रोपे गए पौधों के निकट मटका लगाने हेतु श्रमदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू एवं ग्राम पंचायत के सरपंच सुमन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं उपस्थित ग्रामीणों ने भी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रोपे गए पौधों के समीप मटका लगाकर एवं मटकों में पानी भरकर श्रमदान के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।



जिला प्रेस क्लब के द्वारा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 14वीं वाहिनी धनोरा कार्यालय के समीप रोपे गए पौधों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु कुल 150 मटके एवं 05 कोटना उलपब्ध कराया गया है। इसके अलावा गौ सेवक नरेन्द्र जोशी द्वारा भी पौधों की सुरक्षा एवं पशु पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने हेतु जिले में अब तक 700 से अधिक कोटना का वितरण किया जा चुका है।

कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि इस स्थान पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कुल 250 पौधे रोपे गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि पौधों को समुचित मात्र में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु पेड़, पौधों के समीप मटके लगाने की अभियान की शुरूआत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से की गई है। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रेस क्लब के द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किया गया सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिश्रा ने ग्राम धनोरा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की भी सराहना की।

जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोश साहू ने कहा जिले में पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रत्येक कार्यों के अलावा जनहित के सभी कार्यों में जिला प्रेस क्लब के द्वारा सक्रिय सहभागिता सुिर्नि"चत करने की भी बात कही गई। इस दौरान एसडीएम आरके सोनकर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे सहित रवि भूतड़ा, लक्की अरोरा, संजय दुबे, अरुण उपाध्यक्ष, नरेश श्रीवास्तव, सुप्रीत शर्मा, देवेंद्र साहू, जागेश्वर सिन्हा, प्रवीण सारडा, जगन्नाथ साहू, घनाराम साहू के अलावा अन्य अधिकारी–कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पौधों के समीप मटके लगाकर श्रमदान के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

# आनंद भीतर ही है, निष्काम भाव से करें कार्यः महासती प्रमिला श्रीजी मसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम संबलपुर स्थित जैन स्थानक भवन के सभागार में सोमवार को जैन आचार्य भगवान श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या महासती प्रमिला श्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वास्तविक आनंद और परमानंद हमारे भीतर ही निहित है। उसे प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को अपने विचारों और कर्मों को शुद्ध व सात्विक बनाना आवश्यक है।

महासती जी ने कहा कि संसार में प्राप्त सभी वस्तुएं भगवान की देन हैं, लेकिन मनुष्य उनमें 'मेरा' भाव जोड़कर ममत्व और आसक्ति पैदा कर लेता है। यदि 'मेरा' के स्थान पर 'सब भगवान का है' का भाव रखा जाए तो राग और मोह से मुक्ति संभव है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का दान, सेवा या सहयोग नाम और यश की इच्छा से नहीं, बल्कि निष्काम भाव से करना चाहिए। प्रवचन में उन्होंने बताया कि शुभ कार्यों में कभी देर नहीं करनी चाहिए, जबकि गलत कार्यों को टालते रहना चाहिए। आज के समय में लोग इसके विपरीत आचरण कर रहे हैं,अच्छे कार्यों को टालते हैं और बुरे कार्यों में शीघ्रता दिखाते हैं। उन्होंने क्रोध और क्षमा के उदाहरण देते हुए कहा कि क्रोध को टालना चाहिए और क्षमा को तुरंत अपनाना चाहिए। महासती प्रमिला श्रीजी मसा ने दान की महत्ता बताते हुए कहा कि दान हमेशा गुप्त रूप से देना चाहिए। ऐसा दान श्रेष्ठ होता है, जिसमें एक हाथ से दिया गया दान दूसरे हाथ को भी पता न चले। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों का प्रदर्शन या अहंकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे उनके फल में कमी आती है। उन्होंने आगे कहा कि दान, शील, तप और शुभ भाव आत्मा को ऊंचाई पर ले जाने वाले साधन हैं। जो व्यक्ति निष्काम भाव से शुभ कर्म करता है, उसे निश्चित रूप से उसका फल प्राप्त होता है। अंत में उन्होंने संदेश दिया कि जैसे बीज बोया जाता है, वैसा ही फल मिलता है, इसलिए सदैव शुभ भावों के साथ कार्य करते रहना चाहिए, जिससे जीवन में कल्याण संभव हो सके। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का लाभ उठाया।

# संकुल केन्द्र बगईकोन्हा में संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत संकुल केन्द्र बगईकोन्हा में संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पदोन्नति एवं स्थानांतरण प्राप्त शिक्षकों का भावभीनी विदाई के साथ स्वागत-सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त प्राचार्य दयालूराम पिकेश्वर रहे, जिन्हें प्रधान पाठक से पदोन्नत कर शासकीय हाई स्कूल संबलपुर में प्राचार्य बनाया गया है। वहीं नेमसिंह ठाकुर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिली। रोशनी गौवार्य को प्रधान पाठक के रूप में शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल सिवनी तथा ललिता ठाकुर का स्थानांतरण शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल बिजोरा में हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य अर्जुनलाल देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र कुमार साहू प्रधान पाठक, मड़ियाकट्टा एवं संकुल समन्वयक रुपराम गोटे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ तथा अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपने उद्बोधन में सम्मानित शिक्षकों के कार्यकाल, उनके योगदान एवं विद्यालय विकास में निभाई गई भूमिका को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक ही समाज की प्रतिभाओं को तराशकर उन्हें साकार रूप देते हैं। दयालूराम पिकेश्वर की कार्यशैली, अनुशासन एवं समर्पण ने संकुल को नई पहचान दिलाई है, जो सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। अपने उद्बोधन में दयालूराम पिकेश्वर ने संकुल के सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान सहयोग और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने सभी को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, पेन, डायरी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वासुदेव पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन अर्जुनलाल देवांगन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक टेमनलाल राणा, बसंत कुमार ध्रुव, मनीष कुमार देशमुख, नारदराम भुआर्य, हेमंत कुमार सोनकर, सुनील कुमार, अलेन्द्र नारायण सिंह, गुमानसिंह, मालेश्वर कोठारी, भूमिका मोवाड़े, पद्मिनी सोरी, केशर साहू सहित संकुल केन्द्र बगईकोन्हा के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# एचपीवी टीकाकरण का विस्तार, अब शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में भी सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब यह टीकाकरण केवल जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भिलाई के सात शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी इसकी शुरुआत कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रत्येक केंद्र में प्रतिदिन 20 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य तय किया है, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इस अभियान का फायदा पहुंच सके। जिन शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण शुरू किया गया है, उनमें खुर्सीपार, छावनी, बैकुंठधाम, वैशालीनगर, कोहका, कोसानगर और टंकी मरोदा शामिल हैं। इन सभी केंद्रों को जिला कोल्ड चेन सेंटर दुर्ग द्वारा 100-100 डोज उपलब्ध कराए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य टीकाकरण को और ज्यादा सुलभ बनाना है, ताकि बालिकाएं आसानी से अपने नजदीकी केंद्र में जाकर टीका लगवा सकें।



### टीका लगाने के पहले सर्टिफिकेट जनरेट करना जरूरी

एचपीवी टीकाकरण अभियान में यू-वीन पोर्टल की तकनीकी शर्तों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। बताया गया है कि बालिकाओं का सर्टिफिकेट जनरेट होने के बाद ही उन्हें टीका लगाना है। दरअसल, यू-वीन पोर्टल केवल 14 से 15 वर्ष की आयु सीमा के भीतर आने वाली बालिकाओं का ही डेटा स्वीकार करता है। यदि उम्र 14 वर्ष से एक दिन भी कम या 15 वर्ष से अधिक होती है, तो पोर्टल एंट्री स्वीकार नहीं करता। ऐसे में टीकाकरण के पहले सर्टिफिकेट जनरेट सुनिश्चित करना जरूरी किया गया है। बीईटीओ हितेन्द्र कोसरे ने बताया कि अभियान को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सभी चिकित्सा अधिकारियों और कम्प्यूटर डाटा हैंडलर्स को एचपीवी वैक्सिनेशन और यू-वीन पोर्टल में डेटा एंट्री की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। किसी को यू-वीन में एंट्री करने में परेशानी होने पर उन्हें सिविल अस्पताल बुलाकर ट्रेनिंग दी जा रही है।

## स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का नपा अध्यक्ष ने किया स्थल पूजन

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड 18 शिवपुरी में कर्मा माता स्कूल में स्थल पूजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने स्कूल के समिति के सदस्यों के साथ चर्चा किया। उन्होंने राज्य सरकार के सहयोग व उपाध्यक्ष अनुसुचित जाति प्राधिकरण व विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के सहयोग से यहां सारे विकास कार्य होने की जानकारी दी है। अधोसंरचना मद से 10 लाख रूपये के लागत से शिक्षण संस्थान में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण शुरु हुआ। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि दैनिक मुलभुत ही नहीं अन्य सामाजिक, शिक्षण सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी कार्य करते रहे।बड़े बुजर्गो एवं सामाजिकगणों ने इस पुनीत कार्य कार्य के लिए विद्या प्रांगण में आमंत्रित किया।

# कुसुमकसा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को राहत राम जानकी सेवा समिति ने लगाया वाटर कूलर

■ भीषण गर्मी में ठंडे पानी और हवा की सुविधा, यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

**कुसुमकसा।** भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए राम जानकी सेवा समिति ने सराहनीय पहल करते हुए रेलवे स्टेशन कुसुमकसा के यात्री प्रतीक्षालय में वाटर कूलर प्रदान किया। समिति के सदस्यों ने यह वाटर कूलर स्टेशन मास्टर को सौंपा, जिससे अब प्रतीक्षालय में बैठकर यात्री ठंडी हवा और ठंडे पानी का लाभ ले सकेंगे।

इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य एवं समिति के संरक्षक संजय बैंस ने कहा कि सेवा ही राम जानकी सेवा समिति की पहचान है। समिति हमेशा आम लोगों की समस्याओं को समझते हुए उनकी मदद के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। समिति के अध्यक्ष संतोष जैन ने बताया कि समिति के सभी सदस्य जनसेवा को ही प्रभु सेवा मानते हैं और इसी भावना से ऐसे कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों ने स्टेशन का निरीक्षण किया था, जहां यात्रियों को गर्मी से काफी परेशानी हो रही थी, इसी को ध्यान में रखते हुए वाटर कूलर लगाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य एवं रेलवे कर्मचारी भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने समिति की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## ब्रह्मप्रकाश पत्रिका का विमोचन 3 को दिखेगी ब्राह्मण समाज की एकजुटता

**भिलाई।** सरयू पारीण ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा समाज की एकता, परंपरा और बौद्धिक जागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वार्षिक आम सभा और ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन 3 मई को स्मृति नगर स्थित ब्रह्म प्रकाश भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह साढ़े 10 बजे वार्षिक आम सभा से होगी, जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों, गतिविधियों और भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## 25 मार्च की सामान्य सभा के संकल्प का उल्लंघन

# आयुक्त को हटाने के प्रस्ताव के बाद भी फैसले जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### भिलाई निगम में बवाल



नगर पालिक निगम भिलाई की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। 25 मार्च को हुई सामान्य सभा में आयुक्त को पद से हटाने का प्रस्ताव पारित होने के बावजूद उनके द्वारा लिए जा रहे फैसलों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा पार्षदों ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कलेक्टर दुर्ग को शिकायत सौंप दी है।

पार्षदों का कहना है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 54(2) के तहत यदि 3/4 बहुमत से प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो आयुक्त को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त माना जाता है। इसके बावजूद आयुक्त द्वारा नीतिगत और प्रशासनिक निर्णय लिए जा रहे हैं, जो पूरी तरह अवैधानिक हैं। शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि ठेकेदारों के भुगतान जैसी प्रक्रियाएं जारी हैं, जो सामान्य सभा के निर्णय का सीधा उल्लंघन है। भाजपा पार्षदों ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन बताया है।

पार्षदों ने मांग की है कि 25 मार्च के बाद आयुक्त द्वारा लिए गए सभी निर्णयों को तत्काल प्रभाव से शून्य घोषित किया जाए। आयुक्त को किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई करने से रोका जाए। साथ ही शासन से नए आयुक्त की नियुक्ति तक किसी सक्षम अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाए। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं होती, तो यह न सिर्फ निगम की कार्यप्रणाली को प्रभावित करेगा, बल्कि जनप्रतिनिधियों की गरिमा पर भी आंच आएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में पीयुष मिश्रा, महेश वर्मा, संतोष मौर्य, लक्ष्मी दिवाकर, शकुंतला साहू, वीणा चंद्राकर, ईश्वरी नेताम, नोहर वर्मा, लक्ष्मीबाई साहू, पी श्याम सुंदर राव आदि शामिल थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने किया पदभार ग्रहण



**डौंडीलोहारा।** नगर पुलिस थाना डौंडीलोहारा में सोमवार को निरीक्षक सुनील तिर्की ने थाना प्रभारी (टीआई) के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत मुकेश सिंह का स्थानांतरण गुरुर थाना हो गया है। निरीक्षक सुनील तिर्की इससे पहले जिले के गुरुर थाना में पदस्थ थे। नवीन पदस्थापना के तहत उनका स्थानांतरण डौंडीलोहारा थाना किया गया है, जहां उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार विधिवत कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद टीआई तिर्की ने कहा कि क्षेत्र में बीट व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही नगर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों ने नए थाना प्रभारी के आगमन पर बेहतर पुलिस व्यवस्था की उम्मीद जताई है।

आयोजन : बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए अंतरराष्ट्रीय तैराक ओज चंद्राकर रहे मौजूद

# कोटनी में सेवा फाउंडेशन का आयोजन तैराकी खेल प्रतिभा उन्नयन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जिला मुख्यालय के समीपस्थ शिवनाथ नदी के तट में बसे कोटनी गांव में सेवा फाउंडेशन और ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में तैराकी खेल प्रतिभा उन्नयन प्रतियोगिता का आयोजन नदी एनीकेट में किया गया जिसमें कोटनी, महामरा, नगपुरा ,पिपरछेड़ी, मालूद बेलौदी,पउवारा के दर्जनों ग्रामीण बच्चे भाग लिये। इस आयोजन में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए अंतरराष्ट्रीय तैराक ओज चंद्राकर मौजूद रहे और सभी खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी बारीकियों से अवगत करवाने स्वयं नदी में तैरकर प्रदर्शन किया।जिसका संस्था की ओर से स्वागत सम्मान किया गया।

अवगत हो सेवा फाउंडेशन, भिलाई स्टील प्लांट भिलाई के सेवानिवृत अधिकारियों की संस्था है। जो अपने योग्यता और प्लांट में सेवाकाल के अनुभवों को अलग अलग क्षेत्र खेल कूद, शिक्षा,स्वास्थ्य, ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन,युवाओं के रोजगार परख कौशल उन्नयन,पर्यावरण जैसे विषयों और कार्यरत है इसी परिपेक्ष्य में नदी किनारे के गांव कोटनी में एक पहल बच्चों को स्कूली शिक्षा के अलावा विभिन्न विषय में पारंगत करने, महिलाओं को स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे समूह में हुनरमंद बनाकर आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने, युवाओं को सही दिशा देने संसाधन ,प्रेरक मार्गदर्शन,प्रशिक्षण व अन्य सुविधा उपलब्ध करवाने जा रहे हैं जिसकी शुरुवात नदी किनारे के बसाहट वाले गांव के पारिस्थितिक और निषाद ढीमर ने आनुवांशिक गुण तैराकी की रहती है किंतु सही तकनीक से तैराकी और मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास के अभाव में क्षमता होने के बाद भी प्रतियोगी नहीं बन पा रहे। जिसे निखारने यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें आयु वर्ग 10 से 12 में तरुण यादव प्रथम, हर्षा यादव द्वितीय और कैलाश निषाद तृतीय स्थान प्राप्त किए। आयु वर्ग 12 से 15 में समीर निषाद प्रथम, प्रतीत निषाद द्वितीय और दीपराज निषाद तृतीय स्थान प्राप्त किये और आयु वर्ग 15 से 18 में प्रशांत यादव प्रथम,एलिन बंजारे द्वितीय और गीताराम निषाद तृतीय स्थान प्राप्त किए। सभी प्रथम स्थान वाले प्रतिभागी को नगद पांच सौ रुपए साथ में प्रमाण पत्र द्वितीय स्थान वाले सभी प्रतिभागी को तीन सौ रुपए साथ प्रमाण पत्र, तृतीय स्थान वाले सभी प्रतिभागी को दो सौ रुपए वो प्रमाण पत्र दिया गया तथा प्रतियोगिता में शामिल सभी तैराक को नगद राशि व प्रमाण पत्र दिया गया। इस तैराकी प्रतियोगिता को गांव तक ले जाने में शासकीय तैराकी प्रशिक्षक तामेश्वर घंघोरी का विशेष योगदान रहा एवं वरिष्ठ एन आई एस कोच ताजुद्दीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**ये रहे उपस्थित :** इस आयोजन में प्रमुख रूप से सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष एस के जैन कोटनी सरपंच रामसिंह निषाद,सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन,जनपद सदस्य राजेंद्र निषाद, प्रवीण मिश्रा, एम व्ही राव, एल के साहू,आर के श्रीवास्तव, ए के भोसले, एस राजन,संजीव नैय्यर,रेड्डी,आर ई राव, लोकेश निषाद, बीरेंद्र निषाद,लोकेश बंजारे,चेतन साहू,योगिराज निषाद,गिरधर यादव सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## चिटौद में श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

■ गायन प्रतिभा से ग्रामीणों का मन मोहा

ग्राम चिटौद में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन रात्रिकालीन समापन के बाद शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद में अध्ययनरत विद्यार्थियों की टीम ने सामूहिक रूप से मंच पर आसीन होकर अपनी गायन प्रतिभा की पहली बार अपने ही पालकों, साथियों व ग्रामवासियों के बीच स्वतंत्र प्रस्तुति दी।

इस दौरान उनका मार्गदर्शन कर रहे शिक्षक ईश्वरी सिन्हा ने कहा मंचीय अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास का गहरा संबंध है। मंच पर अपनी बात, भावनाओं या अभिनय को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना न केवल संचार कौशल को बढ़ाता है, बल्कि आत्मविश्वास को भी विकसित करता है।

बेहतर नेतृत्व गुण, और व्यक्तित्व विकास में मंचीय अभिव्यक्ति व्यक्ति को न केवल अपनी कला को प्रदर्शित करने का अवसर देता है बल्कि उसे स्वयं पर भरोसा करना भी सिखाता है। बालमन के मस्तिष्क में छुपी अपार संभावनाओं को एक बीज की भांति प्रस्फुटित होने व आकार लेने तक पालक व समुदाय की विशेष सहयोगात्मक जिम्मेदारी होती है।

शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ ठोस सुधार


# पीएम ग्राम सड़क योजना की सड़कों की बदहाली उजागर, मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

■ गुणवत्ता विहीन निर्माण से ग्रामीण परेशान

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़के भ्रष्टाचार की भेट चढ़ने के साथ ही विभाग के कमजोर प्रबंधन का भी शिकार हो रही है। इससे ग्रामीणों को गुणवत्ता पूर्ण सड़के नहीं मिल पा रही है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी सड़कों के दबने, उखड़ने, सड़क के फटने, पटरी की सफाई नहीं होने की शिकायतों के बाद प्रकाशित समाचारों के बाद विभाग थोड़ा सक्रिय हुआ था। ठेकदार भी सड़कों में निकले, लेकिन खानापूर्ति कर सब गायब हो गए। बीते सप्ताह ग्राम कंवर से दियाबाती के मध्य बनी सड़क के दबने, फटने एवं पटरी की सफाई नहीं होने के समाचार प्रकाशन के बाद सम्बंधित ठेकेदार के लोग सड़क में दिखाई दिए। ऐसा लगा कि सड़कों की मरम्मत होगी। दो दिन सड़क की मरम्मत का स्वांग रचा गया व डामर डाला गया, कार्य देख कर लग रहा था कि पूरी सड़क की मरम्मत होगी, लगता है विभाग का ठेकेदार पर नियंत्रण नही है, यही कारण है कि ठेकेदार द्वारा कुछ मीटर क्षेत्र में फटी सड़क की ही भराई की गई, बाकी को ऐसे ही छोड़ मरम्मत कार्य बंद कर दिया गया है।



जिस स्थान पर सड़क का मरम्मत का कार्य किया गया था। वह भी गुणवत्ता हीन थी, जिससे मरम्मत की गई सड़क में से भी बहुसंख्यक अब पुनः फटने लगी है। सड़क किनारे पटरी की सफाई का विभाग के सस्ता रास्ता निकाला एवं खरपतवार को आग लगा दी। पर देखने वाला कोई नहीं था, जिससे घास व झाड़ी आधा अधूरा जले एवं बहुसंख्यक क्षेत्र में सड़क किनारे घास व झाड़ियो अब भी बरकरार है।

एसडीओ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क युगल साहू ने कहा ठेकेदार ने दियाबती कंवर सड़क की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया है। पूरी सड़क की मरम्मत ठेकेदार द्वारा किया जाएगा, क्योंकि सड़क अभी संधारण अवधि में है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

